## खबर संक्षेप

### मनाई गई भगवान अजमीण देव जी की जयंती



**मण्डला।** मध्यप्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति जिला मण्डला के तत्वाधान में स्वर्णकार समाज के आराध्य देव भगवान अजमीण देव जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर सुबह 10 बजे वाहन रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के युवक शामिल थे वाहन रैली नगर भ्रमण के पश्चात बुधवारी कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई दोपहर बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं नगर अध्यक्ष भाजपा रानू राजपूत सहित बड़ी संख्या में अतिथिगण मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गो के साथ-साथ प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया इसके बाद समाज के ही बच्चियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके पूर्व डांस प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, थाल सज्जा प्रतियोगिता एवं गरबा का भी आयोजन किया गया था जिनके विजेताओं को भी पुरूष्कृत किया गया अंत में समाज के विकास को लेकर व्यापक चर्चा की गई।



## अनियमितताओं के विरोध में भूख हड़ताल आश्वासन के बाद समाप्त

# दो दिवस में कार्रवाई का मिला भरोसा

*** आंदोलन को फिलहाल किया गया स्थगित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**नगर परिषद बम्हनी बंजर में हो रही कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरोध में विगत दिवस से जारी भूख हड़ताल आखिरकार प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गई। पूर्व पार्षद विनय चक्रवर्ती, श्रद्धालु सोनी और पत्रकार राजा पटेल द्वारा शुरू की गई यह हड़ताल नगर परिषद के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर की गई थी। स्थानीय नागरिकों के बीच इस आंदोलन ने व्यापक समर्थन हासिल किया और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।**

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए शाम के समय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर के डॉक्टर और नर्स सहित तहसील कार्यालय के प्रशासनिक कर्मचारियों की टीम धरना स्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि दो दिवस के भीतर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी और प्रक्रिया पहले ही आरंभ की जा चुकी है। अधिकारियों के इस आश्वासन के बाद हड़तालकारियों ने आंदोलन को अस्थायी रूप से समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने पानी पीकर भूख हड़ताल समाप्त की और यह भी स्पष्ट किया कि यदि प्रशासनिक कार्रवाई न्यायसंगत और पारदर्शी नहीं हुई तो वे आंदोलन के अगले चरण के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हड़ताल पर बैठे सभी व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की उम्मीद जताई।



पूर्व पार्षद विनय चक्रवर्ती ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं बल्कि व्यवस्था की खामियों को उजागर करने के लिए था। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बार प्रशासन जनता की आवाज को नजरअंदाज नहीं करेगा। वहीं पत्रकार राजा पटेल और श्रद्धालु सोनी ने कहा कि यदि तय समयावधि में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह संघर्ष और भी व्यापक रूप लेगा। नगर में अब निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि दिए गए आश्वासन पर अमल होता है या नहीं। ज्ञात हो कि पिछले काफी समय से नगर परिषद बम्हनी बंजर विवादों में घिरी रही है हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को लेकर भी प्रश्नचिन्ह उठते रहे हैं।

इसके साथ नगर परिषद द्वारा जो चालानी कार्यवाही एवं अतिक्रमण को लेकर बेदखली कार्यवाही की गई है इसमें भी भाई भतीजा बाद के आरोप लगते रहे हैं।

परिषद की दुकानों के आवंटन को भी लेकर परिषद चर्चा में रही है इसके साथ-साथ जिस तरह से बम्हनी बंजर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य कराये गये हैं या हो रहे हैं उनको लेकर भी संतोष जनक स्थिति नहीं रही है। नाली निर्माण को लेकर कहीं तो किसी का आंगन तोड़ दिया गया और कहीं किसी के निर्माण को स्पर्श भी नहीं किया गया इस तरह की कार्यवाही से स्थानीय लोगों में असंतोष पनपता गया और स्थिति यहां तक आ पहुंची कि परिषद के विरूद्ध लोगों को हड़ताल में बैठना पड़ा। वह तो गनीमत है कि हड़ताल समाप्त हो गई है लेकिन जिस आश्वासन पर समाप्त हुई उस पर शीघ्र कार्यवाही की जाये ताकि आगे फिर विवाद की स्थिति न निर्मित हो।

# कन्हैया ठाकुर बने लोधी समाज के जिलाध्यक्ष



*** राजेश लोधी बने आलोक मण्डला के जिलाध्यक्ष।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला लोधी क्षत्रिय समाज मण्डला एवं अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) जिला ईकाई मण्डला का संयुक्त निर्वाचन विगत दिवस लोधी टॉवर, मण्डला में सम्पन्न हुआ। जिसमें आलोक मध्यप्रदेश से क्षेत्रीय जिले कटनी, जबलपुर, बालाघाट, एवं डिंडौरी से निर्वाचन टीम गठित की गई थी। निर्वाचन टीम के प्रमुख श्री रूद्रप्रताप सिंह के नेतृत्व में निर्वाचन टीम ने सभी पदो पर निर्विरोध निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया। जिला लोधी क्षत्रिय समाज में जिला संयोजक रतन ठाकुर, जिलाध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंगरौरे, उपाध्यक्ष दानेन्द्र ठाकुर, महासचिव हरि प्रसाद ठाकुर, कोषाध्यक्ष नारायण जघेला, संरक्षक रवि ठाकुर एवं अरविंद ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य, विजय जघेंला, प्रदीप जघेंला, गोवर्धन सिंगरौरे, रंजीत ठाकुर, नरेश ठाकुर, संतोष ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष मण्डला लखन ठाकुर, ब्लाक उपाध्यक्ष चित्रभूषण ठाकुर, चंद्रप्रकाश ठाकुर, निर्विरोध निर्वाचित हुये। इसी प्रकार अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध अधिकारी कर्मचारी संघ जिला ईकाई मण्डला में जिला संयोजक हुल्कर (बन्दू) टाकुर, जिला मार्गदर्शक डॉ० सुरेन्द्र लिल्हारे, जिलाध्यक्ष राजेश लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदकुमार जघेंला, उपाध्यक्ष रामकुमार सिंगरौरे, कार्यालय महासचिव ओमप्रकाश सिरसे, संगठन सचिव मोहन ठाकुर, महासचिव टीकाराम जघेंला, ब्लाक अध्यक्ष नैनपुर महिला, रश्मि जघेंला, ब्लाक अध्यक्ष मण्डला सुनीत ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य तुलसीराम जघेंला, इंदु जघेंला निर्विरोध निर्वाचित हुएँ। निर्वाचन टीम में एस के गिरैया, नरेश पटेल, सीताराम पटेल, राजकुमार पटेल, तानसिंह पटेल, अरविंद ठाकर. गुलाब सिंह उपस्थित रहे। निर्वाचन का संचालन बालसिह ठाकुर, संजय ठाकुर, के के ठाकुर ठाकुर एवं पुष्पेन्द्र ठाकुर ने किया।

## मंडला पुलिस द्वारा अनाधिकृत रूप से डीजे बजाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही



**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में अवैध रूप से एवं अत्यधिक ध्वनि स्तर पर डीजे बजाने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 06.10.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बड़ चौक में डीजे नटराज वाहन एमपी 09 जी इ 3539 चालक मन्नू कुशवाहा एवं पावर सॉन्ग डीजे वाहन सीजी 04 पी यू 5888 चालक मनीष परअत्यधिक तेज आवाज में गाना बजाने एवं वाहन चालक से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर प्रस्तुत न करने पर मो. व्ही. एक्ट की धारा का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही करते हुये प्रति वाहन 5000/- कुल 10,000/- का समन शुल्क वसूल किया गया।

## बड़ी खेरमाई सेवा समिति बिंझिया में नई युवा समिति का गठन, अखिलेश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बड़ी खेरमाई सेवा समिति बिनझिया में सोमवार को ग्रामवासियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई युवा समिति का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्राम के विकास और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाना बताया गया।

नई युवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर चुने गए। उपाध्यक्षों के रूप में सचिन ठाकुर, सुरेन्द्र यादव, नागेन्द्र दीक्षित और संजय यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के कोषाध्यक्ष के पद पर चंद्रशेखर निखरे और सह कोषाध्यक्ष के रूप में नितिन छत्री चुने गए। सचिव का दायित्व अमित मिश्रा को दिया गया जबकि सह सचिव के रूप में विजय उपाध्याय कार्यभार संभालेंगे। समिति में पढ़ा सदस्य के रूप में लखन कच्छवाहा, राजू पटेल और अरविंद मरावी को शामिल किया गया है।

बैठक में संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष अरविन्द ठाकुर के साथ निरोत्तम यादव, रणवीर ठाकुर, उपाध्याय जी, सचिन, अज्जू, नितिन, नितांत, मिलन, राहुल, दीपक, हरिओम, धर्मेन्द्र, टिंकू, अमित समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। उन्होंने नई युवा समिति को कार्यो में सहयोग देने और ग्रामहित में सक्रिय रहने का संकल्प व्यक्त किया।

समिति के गठन के बाद सभी ग्रामवासी और पदाधिकारी मिलकर भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला


कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी

डॉ. अशोक मर्सकोले (Ex. MLA)
जिला अध्यक्ष
मण्डला (म.प्र.)

क्र./ 129/2025 दिनांक 7/10/2025

प्रति,
पुलिस अधीक्षक महोदय,
मंडला, म.प्र।

विषय:- [illegible]

महोदय,
[illegible]

।। धन्यवाद ।।

भवदीय
डॉ अशोक मर्सकोले
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी मंडला,म.प्र.

सुहाने होम्स, देवदरा, मण्डला (म.प्र.) पिन-481661

जिले में नर्मदा तटों पर शराब का परिवहन एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है बावजूद इसके लगातार इन क्षेत्रों में खुलेआम अंग्रेजी एवं देशी शराब का विक्रय हो रहा है जिसको लेकर आये दिन विवाद की खबरे आती रहती हैं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तरह की शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है निश्चित रूप से इसके पीछे शासन-प्रशासन एवं आबकारी विभाग की मिलीभगत बताई जाती है। सोमवार की रात शराब ठेकेदारों के गुर्गो एवं बस स्टैण्ड के रहवासियों के बीच विवाद हुआ इसके पीछे भी शराब ठेकेदारों के गुर्गो की दादागिरी सामने आई जिसकों लेकर पूर्व कांग्रेस विधायक एवं वर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक मर्सकोले ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र लिखा जिसमें उल्लेख किया गया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते मंडला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री बड़े पैमाने पर शिकायतें आ रही हैं, कल रात की ही घटना जिसमे मंडला के ही कुछ लोग मुझसे मिलने आये और उनके साथ मारपीट और अभद्रता की बातें जो कि घटना बस स्टैंड मंडला का बताया गया की वहाँ पर खुलेआम शराब बेची जाती है और शराब ठेकेदारों के 12-15 गुण्डों द्वारा बस स्टैण्ड के ही किसी व्यवसायी से मारपीट की गई। मारपीट करने वाले सिंडिकेट के आदमी हैं बताए गए जो कि अधिकांश बाहर प्रदेश के हैं और यहाँ पर शराब के व्यवसाय में है जो अवैध शराब के धंधे के साथ लोगों को डराने धमकाने और मारपीट करने नाम आता है।

मंडला धार्मिक पवित्र नगरी घोषित है और यहाँ पर शराब प्रतिबंधित होते हुए भी खुलेआम शराब गली गली मोहल्ला मोहल्ला में बेची जा रही है, जिसकी जानकारी सभी थानों के पास भी होते हुए किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होती हैं सिर्फ़ दिखावे के लिए चलानी कार्यवाही होकर पुनः वहीं दूसरे दिन से बेचना शुरु कर दिया जाता है, यह बात आम जनता तक को पता है और पुलिस थानों को भी, लोग दबी जुबान सब सेट हैं इसी लिए इतना खुलेआम सब चल रहा है बोलने से नहीं चूकते।



अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण में मंडला के बाहर से अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की क्रिमिनल रिकॉर्ड देखकर उनपर कार्रवाई किया जाये और इस प्रकार नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम अवैध शराब बिक्री पर शक्त कार्यवाही किया जावे, साथ ही उक्त प्रकार के अवैध शराब सप्लाई जैसे मामलों में पुलिस विभाग के कुछ लोगों द्वारा सहयोग कर भारी राशि लिया जाता है इसकी शिकायत हमारे पास आती है इसकी आपके विजिलेंस से जाँच कर उचित कार्रवाई की जाए।

**आम सभा** | **सहकारी समिति हिरदेनगर की वार्षिक साधारण आमसभा संपन्न।**

# बजट स्वीकृति और विकास प्रस्तावों पर चर्चा

*** वित्तीय प्रस्ताव पर भी हुआ विचार विमर्श।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, हिरदेनगर की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन रविवार को समिति प्रांगण हिरदेनगर में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री संतोष चौरसिया ने की, जबकि कार्यक्रम में समिति के प्रशासक श्री नितिन तेकाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विधिवत रूप से किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्य, कृषकगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

आमसभा के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 की समग्र समीक्षा की गई। इसमें समिति की आय-व्यय, लाभ-हानि, लेनदेन का विस्तार से अवलोकन एवं पुष्टि की गई। साथ ही विगत वर्ष के ऑडिट नोट का भी अध्ययन किया गया। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन को कलेक्टर दर के अनुरूप किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।



महत्वपूर्ण निर्णयों में समिति की सिल्क सीमा का निर्धारण, नए वित्तीय वर्ष के लेखों की संपरीक्षा हेतु संविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति, तथा समिति के प्रांगण में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के तहत दुकान निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी धान उपार्जन सत्र 2025-26 के लिए समिति प्रांगण में पंजीयन केंद्र की स्थापना के विषय पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

कार्यक्रम के दौरान समिति सहायक प्रबंधक प्रफुल्ल चौरसिया ने बीते वर्ष की गतिविधियों और वित्तीय प्रगति पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने समिति द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा साझा की। आमसभा में कृषक सदस्यों में संतोष चौरसिया, दानेंद्र ठाकुर, लक्ष्मीनारायण बसंत, टीकाराम पटेल, विजय जांघेला, राकेश चौरसिया, गिरधारी भांवरें, गोपी बसंत, रामलाल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

सभी सदस्यों ने समिति के पारदर्शी संचालन और किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सभा के अंत में प्रशासक श्री नितिन तेकाम ने उपस्थित कृषकगणों को संबोधित करते हुए सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को समिति की प्रगति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

इस प्रकार सहकारी समिति हिरदेनगर की वार्षिक साधारण आमसभा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई, जिसमें किसानों की भागीदारी और विकास की दिशा में लिए गए निर्णयों ने सहकारिता की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

# शरद पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर उमड़ा सैलाब, सरे भरते हुये जाने वालों की रात भर लगी रही लम्बी लाइनें, पूजन अर्चन के साथ लगाई आस्था की डुबकी






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सदा ही क्षेत्र की रक्षा करने वाली माँ नर्मदा के लिये हर माह की पूर्णिमा को देखा जाता है कि जिस प्रकार से क्षेत्रवासी व भक्त जहां पैदल पहुंचते है। वही कुछ भक्तों को सरे भरते हुये देखा जाता है। इसी का परिणाम है क्षेत्र के लोगों की माँ नर्मदा जी द्वारा सदा रक्षा की जाती है आज तक क्षेत्र में इस प्रकार से कोई बड़ा संकट नही आया है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये मंगलवार को भी देखने मिला जहां स्नानदान शरद पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदाजी के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। वैसे इस बार एक दिन पहले जहां व्रत पूर्णिमा थी वही दूसरे दिन यानि की मंगल बार को स्नादान दान पूर्णिमा के चलते क्षेत्र के ककरा नर्मदा घाट, भटेरा घाट, झिकोली घाट, शोकलपुर घाट, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर दिन भी भक्तों की भीड़ लगी रही। वही हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने माँ नर्मदा के निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदाजी की पूजन करते हुये क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई । इस प्रकार से स्नान दान व शरद पूर्णिमा के दौरान देखा गया कि एक दिन पहले यानि की रात से ही पैदल जाने वाले महिला, पुरूष वच्चों की शहर की सड़को पर लाईने लगी हुई देखी गई जो दूर दूर के गांवों से नर्मदा स्नान के लिये पैदल पहुंच और नर्मदा में पहुंचकर डुबकी लगाई गई। प्रतिवर्ष देखा जाता है कि शरद पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उसके चलते नर्मदा तटों की स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि वहां पर पैर रखने के लिये भी जगह मिल पाना मुश्किल हो जाता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जाते है। इस तरह शरद पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पहले से ही नर्मदा स्नान करने जाने वालें के जत्थें बुधवार की शाम शहर की सड़कों से निकलते हुये देखे गये और रात के समय नर्मदा तटों में मेले जैसा नजारा दिखाई देने से नही चूक रहा था। इस तरह देर रात क्षेत्र की सड़को से लेकर नर्मदाजी के तट जयकारों से गूंजते हुये नजर आने लगे थें और लोगों द्वारा आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये दीप दान किया गया। इस प्रकार से शरद पूर्णिमा के दौरान नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये प्रशासन पूर्णरूप से सतर्क नजर आ रहा था तो दूसरी ओर सभी घाटो पर पैनी नजर बनाये थों। क्योंकि बीते हुये वर्ष जिस तरह अनेक जगहों पर घटनाएं घटित होने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ जाने की बात को ध्यान में रखते हुये अधिकारियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थें और इसी का परिणाम है कि इस वर्ष समाचार लिखे जाने तक कही से भी कोई घटना घटित होने की कोई जानकारी नही मिली है..? क्योंकि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जहां शरद तथा कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है। इसी के चलते प्रशासन सतर्क रहता है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के झिकोली, शोकलपुर नीलकुंड व भटेरा सहित थरेरी व कोठिया, लिंगा खुर्द नर्मदा घाट क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिये नर्मदा स्नान करने व पूजन करने के लिये प्रमुख माने जाते है जहां पर हर पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसमें प्रमुख रूप से शरद व कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सच्चाई किसी से छिपी नही रहती है। प्रतिवर्ष इस दिवस यहां पर हजारों की संख्या में भक्त इन घाटों पर पहुंचकर जहां माँ नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये भण्डारों का आयोजन भी करते है। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को स्नानदान शरद पूर्णिमा पर स्नान करने वालों की रात से ही भक्तों के पैदल जत्था पहुंचना शुरू हो गये थें जिसमें अधिकाशो द्वारा तो रात के समय ही स्नान कर लिये गये थें तो कुछ लोगों द्वारा वहां पर विश्राम करते हुये नर्मदाजी के तट पर भजन कीर्तन करते हुये देखा गया और जब सूर्य उदय हुआ तो इसके बाद डुबकी लगाते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। इस प्रकार का हाल नर्मदाज के सिर्फ एक ही घाट का नही बल्कि झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, थरेरी, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला। वही नर्मदाजी के पावन माने जाने समीपस्थ लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर अनेक भक्तों द्वारा आयोजित भजन कीर्तन में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी का आर्शीवाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित किये कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्वच्छता निरोगी काया है इसे महत्व देने के लिये जहां लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे जाते है। इसी के चलते क्षेत्रीय शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत की गई है। बताया जाता है कि इस पखवाड़े में स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर विविध गतिविधियां कराई जा रही है। वही इन गतिविधियों के पहले दिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वही दूसरे दिन स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया जिसमे शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक बुलाकर स्वच्छता के महत्तव पर प्रकाश डाला गया। गतिविधियों के तीसरे दिन हरा भरा विद्यालय मुहिम चलाई गई जिसमे स्वच्छता पर छात्र छात्राओं के लिए स्लोगन एवं पेम्फलेट तैयार करने को कहा गया एवं जल संवर्धन सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध सबंधी स्लोगन छात्र छात्राओं ने तैयार किये गये। स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के अगले दिन हाथ धुलाई के माध्यम से शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हाथ धोने के सही तरीके बताये। इन गतिविधियों में स्वच्छता सहभागिता दिवस मनाया गया जिसमे स्वच्छता पर निबंध, भाषण, चित्रकला, भाषण, पत्र लेखन सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी हुई जिनमे जल की मिव्ययता पर छात्र छात्राओं ने निबंध एवं पत्र लिखे। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस पखवाड़े में अन्य गतिविधियां भी आयोजित हुई जिनमे छात्र छात्राओं की सहभागिता बड़ी संख्या में रही।

### मनचलों की हरकतों का शिकार होते रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। क्षेत्रवासियों के लिये आस्ता का केन्द्र रहने वाली माँ नर्मदा जी के भक्त जिस प्रकार से हर माह पड़ने वाली पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान व पूजन करने के लिये पहुंचते। इसी प्रकार से हर माह के पूर्णिमा के अवसर पर समीस्थ झिकोली नर्मदा तट पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसके चलते अनेक भक्त झिकोली नर्मदा पर बने हुये पुल के नीचे स्नान करते हुये पूजन करते हुये देखे जाते है। मगर यहां पर पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते देखा जाता है कि नर्मदा स्नान करने वाली महिलाओं को पुल पर खड़े होकर मटर गस्ती करने वालों की हरकतों का शिकार होने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शरद पूर्णिमा के अवसर भी देखने मिला जहां नर्मदा तट पर उमडी भीड के चलते नर्मदा भक्त यहां के पुल के नीचे ही स्नान करने के साथ साथ पूजन हवन करने में लगे हुये थे। उसी दौरान अनेक मनचले युवा पुल के ठीक ऊपर खड़े होकर जिस प्रकार से अशोभनीय हरकते करते हुये देखे गये उसके चलते आमजनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रहा थी? बताया जाता है कि इन मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो नर्मदा स्नान करने के उपरांत यहां पर बने हुये कपड़ा बदलने के घरों के अंदर पहुंचकर अपने कपड़ा बदल रही होती है। क्योंकि यहां पर स्थापित कपड़ा बदलने के लिये बनाये गये स्थान ऊपर भाग से खुले रहते है जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े होने वालों द्वारा जब नीचे की ओर देखा जाता है तो कपड़ा बदल रही महिलाओ को अपने कपड़े बदलने में परेशान होना पड़ता है।

### शहीद नगरी चीचली की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

चीचली। इस समय जिस प्रकार से नगर पंचायत चीचली की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है उसके सुधार को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर के बाजार क्षेत्र में जहां दुकानदारों द्वारा खुलेआम अपनी दुकानों को मुख्य सड़को पर फैलाते हुये जाम की स्थिति निर्मित करने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर प्रभावशालियों के वाहनों का हाल तो इस प्रकार से बना हुआ है कि वह मुख्य मार्गो पर खड़े करते हुये अपने घरों में जिस प्रकार से आराम फरमाते हुये देखे जाते है।

# चीचली पुलिस द्वारा मादक पदार्थ के साथ युवक को किया गिरप्तार

हरिभूमि न्यूज/चीचली। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के चलते जहां युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के चलते बर्बाद होते हुये देखी जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों को मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पूर अंकुश लगाने के सख्त आदेश जा किये गये है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही के चलते गाडरवारा, सांईखेड़ा पुलिस थानों के आलवा अब चीचली पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र में मादक पदार्थ के साथ एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि चीचली



थाना प्रभारी संग्राम सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम थलवाडा सूखाखैरी मार्ग पर एक व्यक्ति अपने पास कुछ मादक पदार्थ रखे है जो विक्रय करने की जुगाड़ में है। इस सूचना से थाना प्रभारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के लिये आदेश दिये गये। इसी के चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ने के लिये एक टीम का गठन किया गया जिसमें थाना प्रभारी संग्राम सिंह सहित उप निरीक्षक बबीता पहाडे, सहायक उप निरीक्षक इंद्रपाल सिंह के आलवा प्रधान आरक्षक अमित पटैल, संदिग्धों को पैनी नजर में परखने के लिये माहिर माने जाने वाले आरक्षक आदर्श पाठक, मोहित यादव, सुनील, सत्य, सोनम, राकेश, महिला आरक्षक साधना व वंदेश्वरी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मौके पर एक युवक को संदिग्ध स्थिति में खड़ा हुआ पाये जाने पर उसको अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम कन्हैया पिता बाबूलाल ओझा उम्र 32 साल निवासी ग्राम थलवाड़ा निवासी बताया गया। वही जब पुलिस द्वारा संदिग्ध युवक की लताशी ली गई तो उसके पास से पुलिस को 1 किलो 530 ग्राम गांजा पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत 35 हजार रूपया को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार यह मादक पदार्थ वह कहा से लेकर आया हुआ था और किसको विक्रय करने की जुगाड़ में था। यदि पुलिस पकड़े गये आरोपी से सच्चाई का पता लगाने में सफल रहती है तो निश्चित ही अन्य आरोपियों तक पहुंचने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# प्रभावित किसानों सहित श्रमिकों द्वारा एनटीपीसी से लगतार गुहार लगाने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने हुये मजबूर





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ चीचली क्षेत्र में जब कुछ साल पहले एनटीपीसी की स्थापना हुई थी उस दौरान एनटीपीसी की स्थापना के लिये जमीन का अधिग्रहण किया गया था तो उस दौरान प्रभावित किसानों तथा एनपीटीसी के बीच कुछ जरूरी बातों को लेकर समझौते के माध्यम से कुछ बाते निर्धारित की गई थी। मगर इन मांगों को पूरा नही किये जाने के चलते आये दिन क्षेत्र के प्रभावित किसानों सहित एनटीपीसी में कार्य करने वाले श्रमिकों के बीच विवाद ही स्थिति बनने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तीन साल पहले यानि की वर्ष 2022 में भी उस समय देखने मिली थी जब प्रभावित किसानों द्वारा एनटीपीसी के खिलफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया था। इसके बाद अधिकारियों तथा प्रभावित किसानों के साथ साथ श्रमिकों के बीच अपनी मांगों को पूर्ण करने के भरोसे के चलते मामला शांत हो गया था। मगर एक बार फिर यह विरोध प्रदर्शन की चिंगारी आग पकड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। इस तरह अपनी मांगों को लेकर प्रभावितों ने बीते हुये 2 सितम्बर को एकत्र होकर नर्मदा बिहार कालोनी के पास एनटीपीसी के अधिकारियों को अपनी तीन साल पहले के त्रिपक्षीय समझौते को पूर्ण न करने का आरोप लगाते हुये ज्ञापन सौपा सौपते हुये गुहार लगई गई थी। मगर इसके बाद भी सुनवाई न होने की स्थिति में इन किसानों व श्रमिकों द्वारा पुनः 16 सितम्बर को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपते हुये कहा गया था कि यदि हमारी मांग पूर्ण नही होती है तो हम आंदोलन की राह पर चलने के लिये मजबूर होगे...? इस तरह लगातार गुहार लगाये जाने के बाद भी इन प्रभावित किसानों व श्रमिको की मांगों को एनटीपीसी के जिम्मेदारों द्वारा लगातार नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इन प्रभावित किसानों द्वारा बीते हुये मंगलवार को सुन्दर कांड का पाठ करते हुये अनिश्चित कालीन धरने की शुरूआत कर दी गई है अब देखना है कि शांति पूर्वक तरीके की बात कहते हुये शुरू किया गया धरना किस तरह का रूप धारण करता है यह तो आने वाली समय ही बतायेगी...? एनटीपीसी से प्रभावित किसानों तथा श्रमिको की मांग है कि प्लांट में कार्यरत सभी श्रमिको को फिक्स वेतनमान व्यवस्था तथा सीनियोरिटी के आधार पर अपग्रेड व फिक्स वेतनमान पर प्रति वर्ष दस प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाये। वही ESIC मेडिकल व्यवस्था व बाकी लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस व्यवस्था मुहैया कराने के आलवा शेष सभी प्रभावित किसान (रेलवे पाईप लाईन) को जो प्लांट कार्यो से बंचित है उन्हे तत्काल प्रभाव से कार्य मुहैया कराया जावें। वही मौदा, लारा, सीपत की तरह गाडरवारा प्लांट हेतु पीएपी के लिये शत प्रतिशत आरक्षण पर आईटीआई सीटों के लिये वैकेंसी निकाली जावे। एनटीपीसी प्लांट एवं समस्त एजेन्सियों में लगने वाली सभी प्रकार के वाहन मात्र प्रभावित किसानों के ही लगाये जावे। इसके आलवा 60 वर्ष पेंशन स्कीम को निरंतर प्रभावी रखने के साथ जो भी प्रभावित किसानो का निधन हो गया है उनके वारिसों के पीएपी कार्ड बनाये जावे। वही प्रस्तावित बिजली सव स्टेशन चिन्हित स्थान पर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराया जावे एवं ग्राम मेहराखेड़ा घाट पिपरिया नदी पुल को तत्काल स्वीकृत कराते हुये निर्माण कार्य शुरू किया जावे। प्लाई एश से हो रहे दूषित ग्राउंड वाटर का निराकरण करते हुये यथा संभव किया जावे। क्योंकि इससे आर्सेनिक तत्व ब्लैकफुट नामक बीमारी का कारण आने वाले वर्षो में संभावित है..? वही अस्पाताल में बड़ी बीमारियों से संबंधित व्यवस्था एवं सभी प्रभावित ग्रामों की सभी प्रकार से दवा का मुप्त व्यवस्था व प्रभावित किसानों के परिवार को इस सुविधा का लाभ दिया जावे। वही ग्राम विकास कार्य ग्राम विकास समितियों के द्वारा कराये जावे उसमें सभी ग्रामों में खेल ग्राउंड, शासकीय आई टी आई की मुहैया कराने के साथ बाल भारती पब्लिक स्कूल में प्रभावित किसानों के बच्चों को 75 प्रतिशत फीस में छूट प्रदान की जावे। प्लांट के अंदर एवं टाउनशिप के शत प्रतिशत हाऊस कीपिंग एवं मैनपावर सप्लाई कार्य मात्र लोकल बैंडर व समितियों को प्रदान करते हुये बैंडर को 1 करोड़ तथा समितियों को 2 करोड़ तक के कार्य प्रदान किये जावे।

# धूमधाम के साथ निकाला गया धूनी नगरी सांईखेड़ा माँ काली का विसर्जन जुलूस, कलाकारों की प्रस्तुति से मुग्ध हुये लोग

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नवरात्र के दौरान जहां तहां स्थापित की गई मातारानी की प्रतिमाओं के विसर्जन का जो शिलशिला शुरू हुआ वही तो पूरा हो चुका है। मगर हर साल देखा गया कि दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में स्थापित होने वाली माँ काली की प्रतिमा का विसर्जन शरद पूर्णिमा के मौके पर किया जाता है। वर्षो से चली आ रही इसी परम्परा के चलते बीते हुये सोमवार यानि की व्रत शरद पूर्णिमा के मौके पर नगर में बडे ही भव्यता के साथ माँ काली का विसर्जन जूलूस निकाला गया। बताया जाता है कि माता काली के दर्शन करने के लिये जहां नगर की सड़को पर लोगों की भीड़ का आलम यह बना हुआ था कि पैर रखने के लिये जगह नही मिल रही थी। वही दूसरी ओर व्यवस्थाये बनाने के लिये थाना प्रभारी प्रकाश पाठक अपनी टीम के साथ लगातार जुटे हुये दिखाई दे रहे थें। वही दूसरी ओर सोमवार को जिस तरह लोगों ने नगर में स्थापित माँ महाकाली की प्रतिमा को जिस तरह से विदाई दी गई वह निश्चित तौर से आंखों में आंसू




लाने से नही चूक रही थी। ज्ञात हो कि हर साल दादा धनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में स्थापित होने वाली माँ काली की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर दर्शन के लिये अनेक राजनेताओं से लेकर क्षेत्र की जनता का प्रतिदिन हुजूम उमड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा था। वही जब माता रानी के विसर्जन की बेला नजदीक आई तो नगर सांईखेड़ा ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लोगों में मासूसी का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा था। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि महाकाली का विसर्जन जूलूस जिस भव्यता व अनुशासन के साथ निकाला तो पूरे नगर व क्षेत्र के लोगों ने अपनी आंखों में आंसू झलकाते हुये मातारानी को विदाई देते हुये देखा गया। इस तरह नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में स्थापित महकाली को विदाई देने के लिये नगर के आलवा दूर दूर के गांवों के लोग पहुंचे थें। वही दूसरी ओर इस दौरान कलाकारों द्वारा जिस तरह माता काली सहित अन्य तरह के रूप धारण करते हुये जिस तरह प्रस्तुति दी गई वह आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। वही यह विसर्जन जुलूस जब नगर की गलियों से निकलना तो जगह जगह स्वागत के साथ साथ माता रानी की लोगों द्वारा पूजन अर्चन करते हुये आरती कर आर्शीवाद ग्रहण किया गया।

### कबाड़ में गुम हुआ बचपन, शासन की योजनाओं पर खडे हुए सवाल?

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। शहर सहित आसपास के क्षेत्र मे शिक्षा स्तर सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा काफी प्रयास किए जा रहे है, इन प्रयासों के चलते सर्वशिक्षा अभियान, स्कूल चले हम, राजीव गांधी साक्षरता मिशन के अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे आंगनबाड़ी भी चलाई जा रही है। लेकिन इन सब योजनाओं के संचालित होने के बाद भी क्षेत्र में निचले तबके के लोगों तक इन सब योजनाओं का लाभ शायद पहुंच ही नही पा रहा है? फिर सारे प्रयास औपचारिकता के लिए हो रहे है? ऐसा कहा जाए तो शायद गलत नही होगा, क्योंकि नगर में ही इस प्रकार के दृश्य अक्सर देखने मे आते है ।












**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस नेता ने प्रभारी बनने शालीनता से किया अस्वीकार



अनूपपुर। "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित हस्ताक्षर प्रभारी सूची में कांग्रेस नेता संजय सोनी का नाम बिना पूछे शामिल कर दिए जाने पर उन्होंने खुले तौर पर आपत्ति दर्ज कराई है। संजय सोनी के अनुसार, यह नामांकन न तो बिना समन्वय समिति की बैठक में प्रस्तावित किए और न ही संजय सोनी से कोई पूर्व सहमति ली गई थी। इस पर सोनी ने सोशल मीडिया पर शालीन लेकिन सटीक तरीके से अपना विरोध जताते हुए खुद को सूची से अलग करने की घोषणा कर दी। पूर्व एनएसयूआई जिला महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश सचिव एवं वर्तमान प्रदेश सचिव (युवा कांग्रेस) संजय सोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा "गुड्डू चौहान जी, आपका पत्र मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ। मेरी जगह किसी अन्य ऊर्जावान साथी को आप प्रमाण पत्र जारी करें। मैं कांग्रेस पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता होकर भी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्षम हूं।" उनका यह बयान न केवल संगठनात्मक शालीनता का उदाहरण बना, बल्कि इसने कांग्रेस संगठन के भीतर संवादहीनता की स्थिति पर भी हल्का लेकिन सार्थक कटाक्ष कर दिया। राजनीतिक गलियारों में इसे "पद नहीं, प्रतिबद्धता की राजनीति" कहा जा रहा है। संजय सोनी ने साफ कहा कि वे किसी जिम्मेदारी या पद की चाह नहीं रखते, उनका उद्देश्य कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है। संगठन के भीतर यह घटनाक्रम इस बात का संकेत भी है कि अब युवा नेताओं में 'नाम से पहले काम' और 'पद से पहले पार्टी' की भावना फिर उभर रही है।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर के 4 खिलाड़ियों का चयन



**कोतमा।** जनजाति कार्य विभाग द्वारा 14 वर्ष बालक बालिका विभागीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 5 अक्टूबर तक खालवा जिला खंडवा में आयोजित किया गया था जिसमें पूर्व क्षेत्र उपविजेता रही बालिका वर्ग में कन्या शिक्षा परिसर कोतमा से कु हेमवती सिँह, कु नम्रता, कु राधिका पनिका, कु देवकी सिंह चार बालिका एसजीएफआई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 14 वर्ष बालिका वर्ग के लिए चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता खालवा जिला खंडवा मे 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया प्राचार्य अजय सिंह चौहान, श्रीमती पार्वती सिंह, श्रीमती आकांक्षा मिश्रा, श्रीमती सुखमति लोधी, मिथलेश सिंह नेताम कबड्डी कोच खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड कोतमा, सहायक कोच रूपांजलि ताम्रकार व्यायाम शिक्षक शासकीय कन्या उ. माध्यमिक विद्यालय कोतमा, अम्बिका प्रसाद एवं विद्यालय परिवार ने बताया कि यह उपलब्धि निरंतर परिश्रम अनुशासन और नियमित प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष परिणाम है उन्होंने कहा छात्रों का चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है बल्कि यह विद्यालय और उनकी खेल नीतियों के लिए गर्व का विषय भी है अपनी खेल प्रतिभाओं प्रतिभा टीम भावना और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया गया है। कोच मिथलेश सिंह नेताम ने कहा दृढ़ संकल्प और अनुशासन उन छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होगा प्राचार्य अजय सिंह चौहान ने कहा यह उपलब्धि विद्यालय के खेल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सफलता और विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विद्यालय परिवार और शिक्षकगण चयनित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं और आशा कर रहे हैं कि इस सफलता में अन्य छात्र छात्राएं भी प्रेरित होंगे।

# बजाग में मेडिकल स्टोर्स की जांच, बिना वैध लाइसेंस पाए जाने पर एक दुकान की दवाएं जब्त

**कलेक्टर महोदय के निर्देश पर मंगलवार को बजाग क्षेत्र में संचालित मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस, भंडारण क्षमता एवं प्रतिबंधित दवाओं की जांच की गई।**

डिंडोरी।



जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग रामबाबू देवांगन, तहसीलदार भरत सिंह , बीएमओ बजाग डॉ. विपिन राजपूत, फार्मासिस्ट रवि राठिया, बीपीएम लल्ला यादव, राजस्व निरीक्षक बलिराम साहू एवं हल्का पटवारी नर्मदा मुरली शामिल थे।निरीक्षण के दौरान साईं मेडिकल स्टोर, श्री साईं मेडिकल स्टोर, सेजल मेडिकल स्टोर, मोनी बाबा मेडिकल स्टोर, लक्ष्य मेडिकल स्टोर एवं आर्या मेडिकल स्टोर की जांच की गई। सभी दुकानों के लाइसेंस और स्टॉक में रखी गई दवाओं का परीक्षण किया गया।जांच के दौरान किसी भी मेडिकल स्टोर में शासन द्वारा प्रतिबंधित दवाएं नहीं पाई गईं, जो एक राहत की बात रही। हालांकि, श्री साईं मेडिकल स्टोर के संचालक रूपेश साहू का लाइसेंस 30 जुलाई को ही समाप्त हो चुका था। नियमानुसार वैध लाइसेंस के बिना दवा बिक्री प्रतिबंधित है, इसलिए उस दुकान में रखी गई सभी दवाओं की सूची और मात्रा का पंचनामा तैयार कर दवाओं को जप्त किया गया।जप्त की गई दवाओं को तहसीलदार बजाग और बीएमओ की निगरानी में बीएमओ बजाग के सुपुर्द किया गया।प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की नियमित जांचें जारी रहेंगी।



## शिकायत पर सीएमओ पहुंचे मौके पर पानी व सफाई व्यवस्था में किया सुधार

डिंडोरी।

शहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में नागरिकों की शिकायत पर नगर परिषद प्रशासन ने तत्परता दिखाई। वार्ड क्रमांक 06, 14 और 15 के शंकर गंज इलाके में पानी की आपूर्ति और साफ-सफाई की समस्या को लेकर नागरिकों द्वारा दी गई शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकेश कुमार कुमरे स्वयं मौके पर पहुंचे। सीएमओ कुमरे ने नगर परिषद की टीम सहित क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अमले को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने पानी की आपूर्ति सुचारु कराने तथा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश तुरंत प्रभाव से दिए।नगर परिषद की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के नागरिकों ने राहत की सांस ली और सीएमओ विकेश कुमार कुमरे सहित नगर परिषद टीम की सराहना की।

## हर घर स्वदेशी के मंत्र के साथ भाजपा मंडल की कार्यशाला आयोजित



शहपुरा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को ज़मीन पर उतारने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला कार्यालय में शहपुरा मंडल की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया।प्रमुख नेताओं ने किया मार्गदर्शन

कार्यशाला में मंचासीन अतिथियों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी और संतोष साहू के साथ पार्षद हरीश साहू, बाबा ठाकुर, रामलाल रजक, हीरा लाल साहू, और उत्तम असटी मौजूद रहे। जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रम जैसे 'स्टार्टअप इंडिया', 'स्टैंडअप इंडिया', 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', और 'स्किल इंडिया' इसी 'आत्मनिर्भर विकसित संकल्प' की व्यापक सोच का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, "युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीबों के कल्याण से ही देश विकसित और आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।"

### लोकल फ़ॉर वोकल" पर विशेष ज़ोर

भाजपा के दूसरे जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू ने 'हर घर स्वदेशी' को आत्मनिर्भरता का मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि "आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी वस्तुओं की उपयोगिता अनिवार्य है।"मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे 'लोकल फ़ॉर वोकल' अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल को राष्ट्रीय स्वर दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय उत्पादों के उपयोग और प्रचार के लिए प्रेरित किया। मंडल अध्यक्ष ने विशेष रूप से लोगों से आगामी दीवाली त्योहार में मिट्टी के दीये और स्थानीय सामग्री का उपयोग करने का आह्वान किया कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता ने किया, जबकि मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मंडल के उपाध्यक्ष विजय साहू, अमित कछवाहा, विनय गुप्ता, अजमेर तेकाम, उमेश रजक, सुनील मरावी, दिलीप झरिया, बसंत कुशराम, अनूप गुप्ता, घनश्याम कुशवाहा, किशन झरिया, पवन झरिया, अरुण अग्रवाल सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गोरखपुर कस्बे में रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर भीषण आग
## किराना दुकान, बाइक और घरेलू सामान जलकर राख

डिंडोरी।



गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखपुर कस्बे में मंगलवार दोपहर एक रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर में अचानक आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। आग की चपेट में आकर घर में संचालित किराना दुकान, घरेलू सामान और एक मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि फर्नीचर और भवन का एक हिस्सा भी इसकी चपेट में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड प्रिंसिपल कुंवर सिंह अपने परिवार के साथ घर में ही मौजूद थे। घर में पूजा-पाठ के बाद दीपक जल रहा था, उसी दौरान वे आराम करने चले गए। दोपहर लगभग 2 बजे घर में अचानक आग लग गई, जिसे देखकर परिवार के सदस्य तुरंत बाहर निकल आए। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक अधिकांश सामान जल चुका था।कुंवर सिंह के दामाद विष्णु धुर्वे, जो पास के एक अन्य गांव में रहते हैं, ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घर का सारा घरेलू सामान, बाइक और दुकान का पूरा स्टॉक जल गया है। यहां तक कि पहनने के कपड़े और दैनिक उपयोग की चीजें भी नहीं बचीं।थाना प्रभारी जी.एस. उईके ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि आग पूजा घर में जल रहे दीपक से लगी होगी। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और परिवार ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी परिवारजन सुरक्षित हैं। प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मनरेगा कार्य बंद होने से ग्रामीणों पर रोज़गार संकट सड़क और पानी की समस्या से भी जूझ रहे ग्रामीण




### ग्रामीणों ने पंचायत भवन पहुंचकर सरपंच को सौंपा मांग पत्र

गोरखपुर (डिंडोरी)।

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसामुंडी के दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को दोपहर पंचायत भवन पहुंचे और मनरेगा कार्य बंद होने के कारण उत्पन्न रोज़गार संकट को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से गुहार लगाई। ग्रामीणों ने सरपंच कपिल आर्मो को ज्ञापन सौंपते हुए मनरेगा के बंद कार्यों को पुनः शुरू कराने की मांग की, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोज़गार मिल सके।ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत संचालित विभिन्न जनहितकारी कार्यों पर सरकार द्वारा अस्थायी रोक लगाने से वे आजीविका संकट में फंस गए हैं। यदि जल्द ही यह कार्य बहाल नहीं किए जाते, तो उन्हें रोज़गार की तलाश में दूसरे स्थानों की ओर पलायन करना पड़ेगा।

### सड़क और पानी की समस्या ने भी बढ़ाई परेशानी

ग्राम पंचायत मुसामुंडी के पोषक गांव डोंगरीटोला के रहवासियों ने बताया कि गांव में लगभग 50 परिवार निवास करते हैं, लेकिन उन्हें पीने योग्य पानी तक नहीं मिल रहा। गांव से हाईवे तक जाने वाली सड़क की हालत भी अत्यंत जर्जर है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।वहीं पचराही टोला के ग्रामीणों ने बताया कि इस बस्ती के बसने के बाद से लेकर आज तक मुख्य सड़क से जोड़ने वाला कोई पक्का मार्ग नहीं बना है। ग्रामीण खेतों की मेड़ों और पगडंडियों से आवाजाही करने को मजबूर हैं। उन्होंने सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और नए कलेक्टर से समस्या का संज्ञान लेकर शीघ्र समाधान की मांग की है।ग्राम पंचायत मुसामुंडी के सरपंच कपिल आर्मो ने बताया कि मनरेगा योजना के कुछ कार्यों पर रोक के कारण ग्रामीणों को रोज़गार नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे पलायन की बात कर रहे हैं। पचराही टोला के लिए चार महीने पहले सड़क निर्माण हेतु मांग पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। डोंगरीटोला में सार्वजनिक कुएं के निर्माण के लिए फाइल जनपद पंचायत को भेजी गई है, पर स्वीकृति नहीं मिली है। प्रशासन से अनुरोध है कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए।

### पलायन की कगार पर ग्रामीण

ग्रामवासियों कंशराम मरावी, रामसिंह आर्मो, कृष्णा बाई आर्मो, कमली बाई उइके, मायाबाई धुर्वे, कमलवती बाई आर्मो, जमुना बाई सलाम, संतोष धुर्वे, राधा बाई तेकाम, नरेंद्र मरावी, मुकेश महोबे सहित अन्य ने बताया कि मनरेगा बंद होने से आय का एकमात्र साधन भी छिन गया है। अब गांव में न तो रोज़गार है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था, जिससे जीवन यापन मुश्किल हो गया है। लोग मजबूरी में पलायन करने की तैयारी कर रहे हैं।

## उपयंत्रियों की हड़ताल के बीच धमेन्द्र यादव को सौंपा गया डिंडौरी जनपद की सभी ग्राम पंचायतों का प्रभार

डिंडौरी।

जनपद पंचायत डिंडौरी में कार्यरत उपयंत्रियों के हड़ताल पर चले जाने से पंचायतों के कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए प्रशासन ने त्वरित कदम उठाया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेश में उपयंत्री श्री धमेन्द्र यादव को जनपद पंचायत डिंडौरी के सभी ग्राम पंचायतों का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया है।जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अब पंचायतों में चल रहे मनरेगा एवं अन्य तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी उपयंत्री धमेन्द्र यादव के पास रहेगी।

### ये रहा पूरा मामला

दरअसल विगत दिनों डिंडौरी जिले में मनरेगा उपयंत्री संघ ने अपनी लंबे समय से लंबित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। संघ का कहना है कि वे कई वर्षों से शासन-प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। संघ ने बताया कि उपयंत्री लगातार शोषण का शिकार हो रहे हैं, इसलिए जब तक मांगों का निराकरण नहीं होता, तब तक उन्होंने कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

### संघ की प्रमुख मांगों

संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि के आधार पर नियमित उपयंत्री के वेतन के समकक्ष की जाए। उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिले। किसी भी प्रकरण में पद से पृथक करने के बजाय निलंबन की प्रक्रिया अपनाई जाए। आरईएस और मनरेगा उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। नियमित कर्मचारियों की तरह उपादन (ग्रेच्युटी) का भुगतान किया जाए तथा मृत या सेवानिवृत्त उपयंत्रियों को भी इसका लाभ मिले। संविदा सेवा का नवीनीकरण एक वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सीआर के आधार पर किया जाए। उपयंत्रियों से केवल तकनीकी कार्य ही लिया जाए तथा योजना को लक्ष्य आधारित बनाकर शोषण रोका जाए। साथ ही प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन प्रदाय सुनिश्चित किया जाए।उपयंत्रियों की हड़ताल से जनपद स्तर पर कई विकास और मनरेगा कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी बीच प्रशासन ने कार्य की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से उपयंत्री धमेन्द्र यादव को सभी ग्राम पंचायतों का प्रभार सौंपकर व्यवस्था सुचारू करने की पहल की है।

# क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

विभागीय जनजातीय शालेय क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अनूपपुर जिला मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित की गई थी और इसमें बालक/बालिका 17-19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजक जनजाति कार्य विभाग जिला अनूपपुर है। इस अवसर पर मंच पर निर्णायक मंडल और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पत्रकार आदर्श दुबे, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया, अनूपपुर, उमरिया, सीधी, शहडोल जिले के बालिका और बालक दोनों वर्गों की भागीदारी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। दर्शक दीर्घा मे भीड़ थी, जो खेल के प्रति उत्साह को दर्शाती है। सभी जिले के जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रतिभागी विद्यालयों के खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति में प्रतियोगिता को गति प्रदान की। यह आयोजन युवाओं को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

## इग्नटू प्रशासन ने आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की मानी सभी मांगें

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का दो दिवसीय शांतिपूर्ण आंदोलन सफलता पूर्वक समाप्त हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों की सभी प्रमुख मांगों को लिखित रूप में स्वीकार कर लिया है। इस निर्णय से कर्मचारियों में संतोष और उत्साह का माहौल है। स्वीकृत प्रमुख निर्णय मे 17-18 कर्मचारियों का गुजरात स्थानांतरण रद्द, 28 कर्मचारियों के काटे गए वेतन की वापसी का आदेश, 31 दिनों वाले माह में 27 दिन एवं 30 दिनों वाले माह में 26 दिन का वेतन भुगतान सुनिश्चित, 271 कर्मचारियों को नई टेंडर प्रक्रिया में शामिल किया गया, सभी कर्मचारियों को बीमा सुविधा उपलब्ध कराने का आदेश जारी हुआ। यह आंदोलन इग्नटू मजदूर संघ के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें आदिवासी छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रोहित मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ. मरावी के मार्गदर्शन और सहयोग से आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक ढंग से संचालित हुआ। मजदूर संघ के सदस्यों ने डॉ. रोहित मरावी एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "यह सफलता कर्मचारियों की एकता, संगठन की मजबूती और सामूहिक संघर्ष की जीत है।"

## खबर संक्षेप

### आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज का अवतरण दिवस मनाया



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन समाज डोभी द्वारासंत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का अवतरण दिवस मनाया गया।इस मौके पर आचार्य भगवन की आरती की गई। तथा फल वितरण किये गए। इस मौके पर सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति रही एवं उत्साह का माहौल रहा।

### व्यसन मुक्त ग्राम बनाने का लिया निर्णय



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों को व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में अब जागरूक लोग स्वयं निकल कर सामने आ रहे हैं। ग्राम भामा मनकापुर के बाद ग्राम टेकापार के निवासियों ने ग्राम पंचायत में निर्णय लिया है कि कोई भी व्यक्ति ग्राम में अवैधानिक रूप से ना तो शराब स्मैक गांजा तथा नशीले पदार्थों का विक्रय करेगा और ना ही सेवन करेगा यदि कोई भी व्यक्ति इस कार्य में लिप्त पाया जायेगा तो उसका सार्वजनिक रूप से सामाजिक वहिष्कार किया जायेगा। मंगलवार को पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में पहुंच कर ग्राम पंचायत के एक लेटर पेड पर लिखित आवेदन दिया है एवं पुलिस से अपेक्षित सहयोग मांगा है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि उन्हें यदि सूचना मिलेगी तो फरियादी जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखते हुए आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत इकाई के सभी सदस्य एवं ग्राम वासी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश शासन के मंत्री के आज गोटेगांव आएंगे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान, प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज बुधवार 8 अक्टूबर को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव आएंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री चैहान बुधवार 8 अक्टूबर को अपरान्ह 3.15 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर सायं 4.45 बजे नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव आएंगे। यहां आप प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निवास आकर शोकसभा में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 5.15 बजे गोटेगांव से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### श्रीमती सरोज श्रीवास्तव बीईई का एक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने श्रीमती सरोज श्रीवास्तव बीईई कार्यालय मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी करेली की आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने जारी आदेश में बताया कि श्रीमती सरोज श्रीवास्तव पर उक्त कार्रवाई असफल नसबंदी प्रकरण की जांच पर संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर की गई है।

### समय पर वेतन दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर के नगर पालिका कर्मचारी और सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर नपा अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा। जिसमें दीपावली के पूर्व समय पर वेतन दिए जाने की मांग की गई है। उल्लेखनीय हैं की अनेक महीनों से कर्मचारियों से काम तो लिया जा रहा है पर वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ कर्मचारी नेता रूप कुमार सोनी का कहना है कि नगर पालिका की आय बहुत है साथ ही कर्मचारियों के वेतन का फंड अलग ही रहता है, पर क्या कारण है कि कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन नही मिल रहा है मेरे अनुभव के आधार पर अवगत करा रहा हूँ कि जिस मद की राशि है उसी काम के लिए खचद्द न कर दूसरे मद मे खचद्द करने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, इसमे सीएम ओ संबंधित लेखापाल की जबाबदारी बनती है।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स डीटीएफ की बैठक सम्पन्न हुई

# जिले में 12 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा टीकाकरण अभियान

### जिले में एक हजार 364 टीमें बनाई गई

### कफ सिरप के संबंध में निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स- डीटीएफ की बैठक कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चैधरी, जिला स्ध्वास्ध्थ्य अधिकारी डॉ. जीपी भनारिया, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के समस्त ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिले में आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक में की गई। अभियान के अंतर्गत कुल एक लाख 70 हजार 329 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में एक हजार 364 टीमें बनाई गई हैं, जिसमें 2 हजार 728 सदस्य और 160 सुपरवाईजर बनाए गए हैं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पल्स पोलिया अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक पोलियो बूथ पर प्रशिक्षित टीकाकर्मी समय पर उपस्थित रहें। घर- घर जाकर जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार- प्रसार किया जाए। इस कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों का सक्रिय सहयोग लिया जाए।





किसी भी स्थिति में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक या टीकाकरण से वंचित न रहे। सभी अधिकारीगण 12 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान निगरानी दलों के माध्यम से सतत मॉनीटरिंग सुनिश्चित करेंगे। पोलियो मुक्त भारत हमारा सामूहिक लक्ष्य है। प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही इस अभियान की सफलता है। अभियान के सुचारू एवं प्रभावी रूप से सम्पन्न हो, इसकेध लिए समस्त विभागों के अधिकारियों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्यक पिलवाएं और इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### कफ सिरप के संबंध में निर्देश जारी

अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ समस्त विषय विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त कार्यपालिक दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि पीडियाट्रिप आयु समूह के कफ सिरप के युक्तिसंगत उपयोग के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## भावांतर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गई वाहन रैली



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, रामसेनही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना के प्रचार- प्रसार के उद्देश्य से वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर सोमवार को रवाना किया। यह रैली कलेक्टर कार्यालय के परिसर से प्रारंभ होकर सुभाष पार्क, इतवारा बाजार, मुशरान पार्क, सिंहपुर चैराहा होते हुए वापस कलेक्टर कार्यालय के परिसर में सम्पन्न हुई। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने कृषकों से संवाद कर उन्हें भावांतर योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिले में 24 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां कृषक अपना पंजीयन कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा कृषक ई- उपार्जन पोर्टल के माध्यम से भी पंजीयन कर सकता है। योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन की खरीदी की जाएगी। भावांतर योजना में कृषकों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी में घोषित मॉडल मूल्य के बीच के अंतर की राशि सीधे कृषकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

## वरिष्ठों का मार्गदर्शन नव पीढ़ी को संदेश और प्रेरणा देते हैं

### डॉ.त्रिपाठी उपाध्याय व गुप्ता का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर ने बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर में वरिष्ठ त्रिमूर्ति का स्वागत सम्मान व अभिनंदन किया। पी जी कालेज पूर्व प्राचार्य बी जी पांडे और डा.अनंत दुबे के आतिथ्य में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। जनमानस के बीच अपनी अनुकरणीय सेवायें देने बाले पंडित उमाशंकर उपाध्याय चिकात्साविद् डा महेश त्रिपाठी और विघुत विभाग से सेवानिवृत सतीश गुप्ता का उनके जन्मोत्सव पर जन्मदिवस मनाते हुए पुष्पमाला शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और अभिनंदन किया गया।अतिथियों में डा.अनंत दुबे ने कहा की वरिष्ठों का मार्गदर्शन और उनके सेवा कार्य



नव पीढ़ी को संदेश और प्रेरणा देते हैं। वरिष्ठ हमेशा ही सम्मान के पात्र हैं। कवि अशोक त्रिपाठी ने बुजुर्गों का सम्मान करते हुए अपने काव्य पाठ में कहा कि कहीं पे धूप तो कहीं छाया है किसके नसीब में क्या आया है मुकद्दर का सिकंदर तो वही है, सिर पर जिसके बुजुर्गों का साया है। गुरुवर डी डी गोस्वामी बी एस पटेल गणेश कुमार चतुर्वेदी अनिल राय मदन श्रीवास्तव आर के श्रीवास्तव आर के नेमा विजय शर्मा अशोक वर्मा प्रभात राय राजेन्द्र सिंह राय मदन गोपाल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ जनो ने सम्मानित जनों को शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे। सम्मानित सदस्य उमाशंकर उपाध्याय ने समाज जनसेवा सहित सहकारिता कृषि के क्षेत्र में किये सेवा कार्यों से अवगत कराया।

## 16 कलाओं से युक्त चंद्रमा को दिया गया अर्घ्य



**तेंदूखेड़ा।** कार्तिक मास की शरद पूर्णिमा की चांदनी रात श्रद्धा और आस्था के रंग में डूबी नजर आई सोमवार की रात श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर 16 कलाओं से युक्त पूर्ण चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा से अमृत बरसता है और इसकी किरणों में औषधीय गुण समाहित रहते हैं। इसी विश्वास के साथ लोगों ने खुले आकाश के नीचे दूध और खीर के पात्र रखकर इस पावन अमृत चांदनी का सेवन किया। सभी मंदिरों घरों की छतों और आंगनों में श्रद्धालुओं ने रात भर चंद्र आराधना की। वही महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहन कर पूर्णिमा व्रत की कथा सुनी और पूजन अर्चन की। ग्राम इमझिरा में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में मंदिर में भगवान श्री कृष्णा व राधा रानी को प्रसाद का भोग लगाकर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं द्वारा शाम से ही मंदिर में अखंड कीर्तन भजन संध्या आरती आदि कार्यक्रम भी चलते रहे।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात वर्ष की सबसे उजली और पवित्र रात मानी जाती है। कहा जाता है कि इसी रात भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ रास रचाया था और चंद्रमा ने अपनी 16 कलाओं के साथ धरती पर अमृत वर्षा की थी। चंद्रमा की किरणे इस दिन विशेष ऊर्जा प्रदान करती हैं जिससे मन शरीर और आत्मा में शांति का संचार होता है। आयुर्वेदिक के अनुसार शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखे दूध और खीर में औषधीय गुण समाहित हो जाते हैं माना जाता है कि इसका सेवन करने से शरीर में ठंडक और संतुलन बना रहता है इसी कारण लोग आज भी पारंपरिक रूप से इस रात दूध खीर या पंचामृत को चांदनी में रखकर सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

## कार्तिक मास में व्रत पर्वों की भरमार, स्नान-दान का बड़ा महत्व



**तेंदूखेड़ा।** कार्तिक माह भगवान विष्णु को अत्यधिक प्रिय है। इस महीने भगवान का ध्यान करते हुए जो भी दान पुण्य किया जाता है वह अक्षय हो जाता है। कार्तिक माह में नियमपूर्वक स्नान विधि पूर्वक भगवान की पूजा जप पाठ हवन दान सभी सत्कर्मों का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। कार्तिक में अरुणोदय काल में स्नान हमारे जन्म जन्मांतरों के संचित पाप पुन्जो का नाश करता है। कार्तिक माह में अन्नदान बस्त्रदान स्वर्ण दान भूमि दान के साथ साथ विधिपूर्वक दीपदान की महिमा का पुराणों में विस्तार से वर्णन है। कार्तिक स्नान स्त्री पुरुष सभी के लिए समान रूप से फलदायी है। कार्तिक में पवित्र नदियों और तीर्थों में स्नान से हजारों अश्वमेध यज्ञों के बराबर फल मिलता है। आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरणाचार्य ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने कार्तिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हरि जागरण प्रातः स्नान तुलसी सेवन उद्यापन और दीपदान ये पांच कार्तिक के मुख्य अंग हैं। कार्तिक मास में हमारे परम्परागत बहुत से व्रत पर्व मनाये जाते हैं जिसमें करवा चौथ अहोई अष्टमी रम्भा एकादशी गोवत्स द्वादशी धनतेरस धनवंतरी जयंती नरक चतुर्दशी दीपावली अन्नकूट गोवर्धन पूजा भाईदोज सूर्य षष्ठी गोपाष्टमी अक्षय नवमी विष्णु प्रबोधिनी एकादशी तुलसी विवाह वैकुण्ठ चतुर्दशी देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा आदि मुख्य हैं।कार्तिक में ब्रह्म मुहूर्त में स्नान तुलसी की सेवा विष्णु पूजन नामजप हवन नाम संकीर्तन मौन व्रत भूमि शयन और नित्य दीपदान का बहुत महत्व है। कार्तिक स्नान के फल से व्यक्ति पाप मुक्त होकर पुण्य फल का भागीदार बनता है। मनुष्य आरोग्यता के साथ दीर्घायु सद्बुद्धि अतुल लक्ष्मी रूप सौभाग्य पुत्र पौत्र आदि को प्राप्त कर सभी पुरुषार्थों के साथ मोक्ष का अधिकारी बनता है।

## आवारा घूमते मवेशियों से आम जनता के जीवन पर बढ़ा खतरा

**गोटेगांव, हरिभूमि। आवारा जानवरों की रोड में धमाचौकड़ी से लोगों का हुआ जीना मुहाल भय सताता रहता है न जाने कब कौन सा मवेशी अचानक वो इन दिनों नगर की सड़कों पर आवारा जानवरों की धमाचौकड़ी के चलते नागरिकों सहित बाहन चालकों का जीना मुहाल ही गया है।** जानवरों की आपसी लड़ाई में कई राहगीर चोटिल हो यी है। वहीं दिन प्रतिदिन नगर की सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं स्थानीय प्रशासन इन आवारा जानवरों को कांजी हाउस में बंद नहीं कर रहा है, और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही करने की सोच रहा है। स्थानीय तहसील कार्यालय गेट के सामने एवं नगर के प्रमुख मार्गों के साथ-साथ विभित चौराहीं गली कूचों सहित समस्त कॉलोनियों में आवारा मवेशियों के जमावड़ लगने एवं धमाचौकड़ी मचाने की वजह से आम नागरिकों एवं वाहन मालिकों का आना जाना दुधार होने के साथ-साथ नागरिक हलाकन परेशान है शासन का एक महत्त्वपूर्ण विभाग तहसील कार्यालय के गेट के सामने मवेशियों के लगे झुंड की वजह से शासकीय कार्य के लिए कार्यालय में आने जाने वाले हितग्राहियों को एवं शहर के प्रमुख मार्गों पर मवेशियों के झुंड के झुंड खड़े एवं बैठे रहने के कारण यातायात के प्रभावित होने के साथ साथ चाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होने की संभावना बनी रहती है क्योंकि



उन्हें हमेशा इस बात का दौड़कर वाहन के सामने आकर दुर्घटना न करवा दे वर्तमान समय में आवारा मवेशियों के कारण सराफा बाजार भगतराम चौराहा बड़े पुल पेट्रोल पंप पुराना बस स्टैंड रेलवे स्टेशन चौराहा फुआरा चौक, बैलहाई बाजार, श्री देव ठाकुर बाबा चौराहा माता महाकाली चौराहा तहसील कार्यालय के गेट के सामने जैसे अति व्यस्ततम मार्गों पर 24 घंटे झुंड लगाकर सड़कों पर बैठकर आराम फरमाने के कारण जाम लगने के साथ-साथ दुर्घटनाएं घटित होने की अधिकतर संभावना बनी रहने के साथ-साथ अनेकों बार बाइक चालक छोटे मोटे हादसों का शिकार हो चुके हैं मगर नगर पालिका परिषद द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के साथ साथ मवेशी मालिकों को किसी प्रकार की समझाइश न देना नाही उन पर कोई कार्यवाही करना केवल औपचारिक रूप से कुछ आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कर देने मात्र से इस समस्या का समाधान नहीं होगा इसके लिए परिषद की आवारा पशुओं के मालिकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही जैसे कदम उठाने होंगे तब कहीं जाकर इस विकराल समस्या का समाधान होने की संभावना है नगर में जगह जगह पर आवारा पशुओं का जमावड़ा विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता को उजागर करता है जब कभी भी समाचार पत्रों में आवारा मवेशियों के खिलाफ समाचार प्रकाशित होते हैं तो विभागीय अधिकारी कर्मचारी खानापूर्ति के नाम पर नगर में एक मुनादी करवा कर दिखावे के लिए कुछ मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस में बंद कर मुहिम की इतिश्री कर दी जाती है ताकि आम नागरिकों को लगे कि विभागीय अधिकारी कर्मबारी जनता जनार्दन की सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उनके हित में कार्य कर रहे हैं परंतु यह एक महज दिखावा है जनता जनार्दन को तसल्ली पहुंचाने का जबकि नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए जो भी टीम गलित की जाती है उसका दायित्व है कि वह हमेशा सक्रिय रहकर ऑनलाइन मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद करने की कार्यवाही निरंतर करते रहे ऐसा नहीं है कि दिन में अनेकों बार विभागीय अधिकारी कर्मचारी दिनभर में नगर के विभिन्न मांगों से आते जाते होंगे फिर भी उन्हें आवारा मवेशी नजर क्यों नहीं आते या फिर जानबूझकर अनदेखी कर मूकदर्शक बन जाते है जबकि मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभित योजनाओं के माध्यम से जनता जनार्दन को लाभपहुंचाने के लिए विधिका योजनाओं के माध्यम से नगरपालिका परिषद को भरपूर राशि उपलब्ध कराई जा रही है परंतु उदासीन विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही अनदेखी के चलते जनता जनार्दन को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है आम नागरिकों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय उच्च्य अधिकारियों से शीघ्र इस विकराल समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## झोतेश्वर पंचायत में भ्रष्टाचार की 'बलि' चढ़ी विकास योजनाएं, सचिव के कमीशनखोरी और मनमानी से ग्रामीण त्रस्त

**गोटेगांव (स्थानीय प्रतिनिधि)।** गोटेगांव क्षेत्र की झोतेश्वर ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव के क्रियाकलापों ने स्थानीय ग्रामीणों का जीवन दूभर कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव की कमीशनखोरी और कार्य के प्रति लापरवाही ने सरकारी योजनाओं के लाभ को जरूरतमंदों तक पहुँचने से रोक दिया है। स्थिति यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर अंत्योदय राशन कार्ड तक, हर कार्य के लिए ग्रामीणों से खुलेआम कमीशन मांगा जा रहा है। सप्ताह भर गायब रहते हैं सचिव-ग्रामीणों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के अनुसार, पंचायत सचिव अक्सर सप्ताह-सप्ताह भर पंचायत से गायब रहते हैं। उनके कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहने के कारण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए भटक रहे लोगों का काम अटक जाता है। ग्रामीण



लगातार पंचायत के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सचिव के हस्ताक्षर के बिना उनके कार्य संभव नहीं हो पाते।आवास योजना और राशन कार्ड में जमकर फर्जीवाड़ा-कमीशनखोरी का आलम यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अंत्योदय राशन कार्डजैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। आरोप है कि जो ग्रामवासी सचिव को % खुश नहीं करते, उन्हें महीनों तक दौड़ाया जाता है, जबकि कमीशन देने वालों के काम आसानी से कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कमीशनबाजी की एक ऐसी लहर चल पड़ी है, जिसने विकास कार्यों को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दिया है। निर्माण कार्यों में गड़बड़ी और विज्ञापन का शौक सचिव पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए व्यक्तिगत शौक पूरे करने का भी आरोप है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सचिव को विज्ञापनों में नजर आने का बेहद शौक है। इसके चलते पंचायत के पैसे से पूरे गांव में बड़े-बड़े होर्डिंग लगवाए गए हैं और स्थानीय अखबारों में भी त्योहारों के मौके पर बड़े रूप से विज्ञापन जारी किए जाते हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इन विज्ञापनों का खर्च निर्माण कार्यों में गड़बड़ी करके निकाला जाता है। उदाहरण देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि 25 किलो के लोहे के दरवाजे को कागजों में 50 किलो का दिखाकर बिल पास कराया जाता है, जिससे फर्जी बिलिंग के जरिए राशि का गबन किया जा सके। राजनीतिक रुचि और नौकरी को मनोरंजन का साधन-ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत सचिव की रुचि नौकरी से ज्यादा राजनीति में है। वह अक्सर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में नजर आते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनके लिए यह सरकारी नौकरी केवल मनोरंजन का साधन बनकर रह गई है। ग्रामवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इतनीगंभीर अनियमितताओं के बावजूद पंचायत की कोई जांच नहीं होती। यही कारण है कि सचिव के हौसले बुलंद है और वे खुलकर कमीशन की मलाई छन रहे हैं। स्थानीय लोग अब अपनी परेशानी लेकर उच्चाधिकारियों तक पहुँचने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि इस भ्रष्टाचार पर रोक लग सके और झोतेश्वर पंचायत में ईमानदारी से विकास कार्य हो सकें।

**वाहन की बैंक एन.ओ.सी. गुम होने की सूचना**

लवकुश पिता छोटेलाल चौरसिया उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पीपरवानी, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मेरे स्वामित्व का वाहन क्रमांक MP05BA 1250 है, उक्त वाहन का बैंक एन.ओ.सी. दिनांक 02/09/2025 को ग्राम पीपरवानी (तेंदूखेड़ा) से कही गुम हो गई है। इस संबंध में शपथकर्ता द्वारा ऑन लाईन रिर्पोट मध्य प्रदेश पुलिस पोर्टल पर भी दर्ज कराई है, जिसकी खोई संपत्ति पंजीकरण संख्या 21338035250073 दिनांक 10/09/2025 पर दर्ज है। रिर्पोट के अनुसार संपत्ति की श्रेणी दस्तावेजों और मूल्यावान प्रतिभूति में अंकित है। शपथकर्ता द्वारा यह आम सूचना शपथपत्र के साथ संबंधित बैंक अथवा परिवहन विभाग द्वारा डुप्लिकेट एन.ओ.सी. प्राप्त करने के उद्वेश्य से प्रकाशित कराई जा रही है। यदि शपथकर्ता को गुम दस्तावेज प्राप्त होते है तो वह तत्काल संबंधित बैंक व विभाग को सूचित करेगा।

शपथ कर्ता
लवकुश चौरसिया पिता छोटेलाल चौरसिया
निवासी ग्राम पीपरवानी तहसील तेंदूखेड़ा,
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)